सार-समाचार

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर 34 कार्मिक सम्मानित

छबड़ा (निसं)। मतदान दिवस पर सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी रामसिंह गुर्जर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की 12 आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका, चिकित्सा विभाग की 7 आशा सहयोगिनी, पंचायतीरात विभाग की 10 राजीविका समूह सदस्य, नरेगा मेट, षिक्षा विभाग के 5 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीपीओ रविंद्र मीणा, बीसीएमओ डॉ. महेष भूटानी, सीबीईओ ओमप्रकाष गालव, एबीडीओ राजेंद्र मीणा, हरिबल्लभ कुमावत, नायब तहसीलदार माधोलाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कौषल किषोर श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद के श्री प्रेमसिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कॉलेज में व्याप्त समस्याओं के चलते जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा कॉलेज छात्र दीपक गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय सत्र 2020 से राजकीय महाविद्यालय है किंतु आज तक महाविद्यालय को राजकीय बजट नही दिया गया है और ना ही महाविद्यालय में किसी प्रकार की राजकीय व्यवस्था है तथा इस महाविद्यालय कार्यरत व्याख्याताओ , कार्मिकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पिछले 32 माह से वेतन नहीं मिल रहा है जिससे यहां कार्यरत इन कार्मिकों के परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है कर्ज लेकर जीवनयापन कर रहे है। इस राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत कार्मिक ही समस्त शैक्षिणक गैर शैक्षिणक दायित्व निभा रहे है व महाविद्यालय का समस्त कार्यभार इन कार्मिकों द्वारा ही संपादित किया जा रहा हैं फिर भी राज्य सरकार द्वारा इनको पिछले 33 महीनो से वेतन भुगतान नहीं हो रहा है यदि बिगड़ती स्थिति के कारण कोई कार्मिक फिर से किसी भी प्रकार का कोई गलत कदम उठाता है तो उसकी व उसके संपूर्ण परिवार की जिम्मेदारी प्रशासन व कॉलेज प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में दीपक गुर्जर, चेतन , आशीष नागर, सुरेंद्र, प्रिंस चौधरी, कमल मीना, नितिन, गजेंद्र जाट समेत दर्जनों कॉलेज विद्यार्थी मोजूद रहे।

सेवा कार्य के साथ जन्मदिवस मनाया

बूंदी (निसं)। आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर बूंदी द्वारा गुरूदेव श्री श्री रविशंकर का जन्म दिन सोमवार को साधना, सेवा एवं सत्संग के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यो द्वारा योगा व्यायाम व गुरूदेव की आवाज में सुदर्शन क्रिया के साथ गुरू पूजा की गई। अपरान्ह 11 बजे गायों को चारा, पक्षियो के पानी पीने हेतू परिंडे बांधे गए एवं गणपति सेवा आश्रम खोजागेट पर असहायों को भोजन करवा कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर सायंकाल सत्संग का आयोजन पंजाबी जनसेवा समिति हाल में किया गया। जहां आर्ट ऑफ लिविंग की अंतरराष्ट्रीय भजन गायिका विभा श्रृंगी, जयपुर आश्रम के चन्द्रदीप हाडा व नन्ही बच्ची परा शर्मा ने अपने भजनों द्वारा उपस्थित श्रोताओं का मनमोह कर नाचने पर मजबूर कर दिया। सत्संग में भोला भैया, राममोहन श्रृंगी, रूपा दीदी व कमलाशंकर ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान ध्रुव व्यास, राजकुमार सुखीजा, राजेश शर्मा, राजेन्द्र अजमानी, प्रशिक्षक रीना शर्मा, अशोक भंडारी सहित सभी साधक मौजूद रहे।

एनीमिया नियंत्रण के लिए शक्ति दिवस मनाया

रामगंजमंडी (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों पर शक्ति दिवस मनाया। इसमें लक्षित लभार्थियों जैसे बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की महिलाओं की एनीमिया की स्क्रीनिंग और हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) दवाई की खुराक नि:शुल्क दी गई। लाभार्थियों को एनीमिया से बचाव संबधी जानकारियां भी दी। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी द्वारा लाभार्थियों को पौष्टिक, आयरनयुक्त फल-सब्जी व संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि आईएफए की दवाई एनीमिया नियंत्रण में कारगर है। इसे लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी पूर्ती होती है।जिससे एनीमिया के संभावित खतरों से बचा जा सकता है।

साढ़े नौ हजार का डीजल भरवाकर कार चालक भाग निकला

छबड़ा (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पम्प से सोमवार रात को अज्ञात कार चालक साढ़े नौ हजार का डीजल भरवाकर सेल्समैन को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी हैं। बापचा के निकट स्थित मारूति फिलिंग स्टेषन के संचालनकर्ता राकेष गुर्जर ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि सोमवार रात 11.30 बजे कार नम्बर आरजे 20 ओडी 8888 में तीन युवक आए और कार में डीजल डलवाया। साथ ही, कार में पीछे रखे दो ड्रमो में भी पेट्रोल व डीजल भरवाया। इन लोगो ने कुल साढ़े नौ हजार का डीजल, पैट्रोल भरवाने के बाद भुगतान फोन-पे से करने के बहाने कार चालक कार में बैठ गया और कार को भगा ले गया। छबड़ा में गुगोर फिलिंग स्टेशन के कार्मिको ने भी इस कार को रोकने का प्रयास किया। किंतु कार चालक कार भगा ले गया।

डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

बूंदी (निसं)। मंगलवार को 10 दिवसीय जमीतपुरा प्रीमियर लीग डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह मदरसा बोर्ड चैयरमेन जावेद जेड के मुख्यतिथ में सम्पन्न हुआ । मुख्य अतिथि मदरसा बोर्ड चेयरमैन जावेद जेड ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्घाटन मैच तालेड़ा वर्सेस जमीतपुरा के बीच खेला गया। इस मौके पर मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष नसरुद्दीन जेड पप्पू भाई, उस्ताद क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक सानू जेड, सारिक, बिट्टू, राहीन मलिक, मोनू जेड, फिरोज सहित आयोजन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

पांच साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

नैनवां (निसं)। नैनवां थाना पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत कार्यवाही करते हुए पांच साल से फरार स्थाई वारंटी प्रहलाद को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीना वृताधिकारी वृत नैनवा शंकरलाल मीणा के सुपरविजन मे पुलिस टीम नैनवां ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनवा के कोर्ट केश न. 414/2018 धारा 138 एन आई टी एक्ट मे 5 साल से फरार स्थाई वारटी प्रहलाद पुत्र छोटूसिह उम्र 42 साल निवासी रैण थाना दबलाना जिला बून्दी को कठिन प्रयासो से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।

मोडक व चेचट सी.एच.सी. का निरीक्षण

रामगंजमंडी (निसं)। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ घनश्याम मीना ने मंगलवार को मोडक और चेचट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) का निरीक्षण किया। इन अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड, मौसमी बीमारियां संबधी दवाईयों की उपलब्धता का क्रॉस वेरीफिकेश किया। गर्मी जनित बीमारियों की आईएचआईपी पोर्टल पर रिकॉर्डिंग व रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। ड्रग स्टोर व '108 एम्बुलेंस' को भी चैक किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक सम्मानित

अंता (निसं)। अन्ता ब्लॉक में लोक सभा आम चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्य कर मत प्रतिशत बढ़ाने वाले कार्मिकों को जिला कलेक्टर बारां की ओर से प्रशस्ति पत्र जारी किये गए। प्रशस्ति पत्र उपखण्ड अधिकारी संजना जोशी द्वारा पंचायत समिति अन्ता मे वितरण किये गए। इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी चन्द्रबदन, तहसीलदार सुरेंद्र गुर्जर व नायब तहसीलदार धनराज गुर्जर, बी एल ओ, महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर एवं कार्यकता एवं हेला टोली के सदस्य, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, सह योगिनियां व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में अनियमितताओं की जांच की मांग

बून्दी (निसं)। 6 अगस्त 2023 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में शिफ्ट की गई बाघिन आरवीटीआर 3 के द्वारा दिये शावकों के जन्म की जानकारी रिजर्व प्रशासन द्वारा अभी तक सार्वजनिक नही किये जाने को लेकर वन्य जीव व पर्यावरण प्रेमियों ने खासी नाराजगी प्रकट करते हुये रिजर्व प्रशासन की कार्यप्रणाली भी गंभीर आरोप लगाये है जो कि चिंता व उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

इसके साथ ही रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व प्रशासन की कार्यप्रणाली से लगातार आमजन, वन्य जीव व पर्यावरण प्रेमियों मे रोष बढता जा रहा है और रोष भी इतना की मामला कलेक्टर को ज्ञापन देने तक आ पहुंचा है। टाईगर रिजर्व प्रशासन की संदिग्ध गतिविधीयो व अनियमितताओ को लेकर वन्यजीव प्रेमियो ने पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश दाधीच के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर आरवीटीआर 3 के शावको की जानकारी सार्वजनिक करने व अन्य अनियमितो का जांच करवाने की मांग की है।इस दौरान प्रशांत शर्मा, डॉ जुनेद अख्तर, अधिवक्ता रहीम खान, विशाल शर्मा, बाबूलाल मेघवाल, आनंद शर्मा सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

वन्यजीव प्रमियो ने कलक्टर को बताया कि रिजर्व मे अब तक दो बाघिन शिफ्ट की जा चुकी है न तो पहली बाघिन और उसके शावको की लोकेशन का पता चलता और न ही दूसरी बार शिफ्ट की गई बाघिन आरवीटीआर 3 द्वारा जो शावको को जन्म दिया गया है उसकी जानकारी छुपायी जा रही है जिससे रिजर्व प्रशासन की कार्यप्रणाली की और संदेह बढ रहा है। वन्यजीव प्रेमियो ने कलक्टर को बताया कि तीसरी बाघिन रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व मे शिफ्ट करने को लेकर एनटीसीए की अनुमति मिल चुकी है पर इस दिशा मे कोई ठोस कदम रिजर्व प्रशासन द्वारा नही उठाये जा रहे है जो कि उचित नही है।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

वन्यजीव प्रेमियो ने कलक्टर को बताया कि रिजर्व क्षेत्र मे अंग्रेजी बम्बूलों को कटवाने का कार्य मनमाने तरीके से किया जा रहा है। बम्बूलो को कटावने के लिये टेन्डर प्रक्रिया भी नही अपनाई गई और रिजर्व क्षेत्र मे तैनात कर्मचारी ही उच्चाधिकारियो की मिलिभगत से बम्बूलो को कटवाकर बेच रहे है जिसमे भष्ट्राचार हो रहा है। परन्तु वन्यजीव प्रेमियो द्वारा पूर्व मे भी रिजर्व प्रशासन को इस मामले मे जांच के लिये निवेदन किया था परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

वर्ष 2022 मे रिजर्व प्रशासन ने सफारी के लिये सात रूट तय करते हुये गत वर्ष दलेलपुरा नाके से सफारी रूट शुरू किया गया था जो कि बफर जोन मे आता है। पिछले एक वर्ष से सफारी के लिये आने वाले देशी विदेशी पर्यटको को बफर जोन दिखाकर ठगा जा रहा है। समय बीतने के साथ साथ रिजर्व क्षेत्र के अन्य प्रस्तावित रूट खोलने की आवश्यकता महसूस होने लगी है पर रिजर्व प्रशासन ने सुस्त रवैया अपना रखा है।

वन्यजीव प्रेमियो ने रिजर्व क्षेत्र मे तैनात वनकर्मियो पर डमी ठेकेदारी करने का आरोप लगाते हुये कलक्टर से जांच करने व कर्मचारियो पर कार्यवाही करने की मांग की है।

वन्यजीव प्रेमियो ने कलेक्टर को बताया कि रिजर्व क्षेत्र मे तैनात कर्मचारी ही डमी ठेकेदार बन रिजर्व क्षेत्र के विभिन्न कार्य संपादित कर राजकोष से भुगतान उठा रहे है, जो की नियम विरूद्व है वही वित्तीय अनियमिताएं भी है। वन्यजीव प्रेमियो ने कलक्टर से कहा कि कुछ कर्मचारियो द्वारा रिजर्व क्षेत्र मे सफारी के लिये अपनी जिप्पसीयां भी लगा रखी है उनकी भी जांच होना चाहिए।

संजीव शर्मा, उपवन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक ने बताया कि एनटीसीए के प्रोटोकॉल के तहत हर माह टाइग्रेस की मॉनिटरिंग रिपोर्ट सरकार को भिजवाई जा रही हैं। प्रोटोकॉल के तहत हर बात को सार्वजनिक नहीं किसया जा सकता हैं। रही जूली फ्लोरा की बात तो, इस पर विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं, कई पीकअप गाड़ियों सहित जेसीबी आदि को कार्यवाही में जप्त किया गया हैं। आरवीटीआर में सफारी के लिए निर्धारित तीनों रूट पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, जिन्हें आचार संहिता के बाद सफारी के लिए खोल दिया जाएगा।

खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

बूंदी (निसं)। नैनवां रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद कुमार, संस्कृति बोध परियोजना संयोजक दुर्गा सिंह राजपुरोहित, क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा एवं विद्या भारती शिक्षा संस्थान जिला मंत्री महेंद्र कुमार शर्मा के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता रहे गोविंद कुमार ने कहा कि विद्या भारती का लक्ष्य ऐसे शारीरिक शिक्षक तैयार करना है, जो देशभक्ति से ओतप्रोत हो एवं समर्पण भाव से कार्य करने वाला हो। हमारी शिक्षा बालक का सर्वांगीण विकास करने वाली होना चाहिए जो शारीरिक, प्राणिक, मानसिक एवं बौद्धिक दृष्टि से श्रेष्ठ नागरिक तैयार कर सके। प्रधानाचार्य संजय बांगड ने बताया कि इस पांच दिवसीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के समस्त जिलों से 113 शारीरिक शिक्षक भाग ले रहे हैं।

अवैध कब्जे को ध्वस्त किया

छबड़ा (निसं)। पालिका प्रशासन ने मंगलवार को व्याख्याता के भूखंड पर काबिज अतिक्रमी के अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। पालिका की इस कार्रवाई से पालिका भूमि पर काबिज अतिक्रमियो में हडकंप मच गया। मौके पर ईओ सहित बड़ी संख्या में पालिका अमला एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

ईओ सुरेश रैगर ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय के सामने वसुंधरा विहार में व्याख्याता चंद्रप्रकाश गुप्ता के 20 गुणा 50 वर्गफुट भूखण्ड के कुछ हिस्से पर प्रहलाद प्रजापति ने अतिक्रमण कर दुकान निर्माण कर रखा था। जबकि प्रहलाद प्रजापति के पास 16.5 गुणा 10 वर्गफुट के ही पट्टा आदि के दस्तावेज थे। व्याख्याता व प्रहलाद प्रजापति के बीच चला विवाद न्यायालय तक जा पहुंचा। परंतु, पालिका प्रशासन ने मंगलवार को त्वरित कार्रवाई कर प्रहलाद प्रजापति के अतिक्रमण वाले हिस्से को ध्वस्त कर दिया। प्रहलाद व उसके परिजनो द्वारा अतिक्रमण की कार्रवाई को अवैधानिक बताया। चैयरमैन कैलाशचंद जैन के अनुसार पालिका भूमि पर काबिज सभी अतिक्रमियों के विरूद्ध बिना भेदभाव के निष्पक्ष रूप से कार्रवाई की जाएगी।



पालिका प्रशासन ने व्याख्याता के भूखंड पर काबिज अतिक्रमी के अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने बताया कि प्रमुख भू-माफियाओ द्वारा कस्बे में पालिका की भूमि के बेशकीमति भूखण्डो पर कब्जा करवाया जा रहा हैं। पालिका की बेशकीमती भूमि व भूखण्डों पर काबिज सभी अतिक्रमियो को चिंहित कर लिया गया हैं, इनके विरूद्ध भी शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

लायंस क्लब कोटा टेक्नों के वरिष्ठ चार्टर सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा टेक्नो द्वारा चार्टर सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के संस्थापक 10 चार्टर सदस्यों का सम्मान क्लब द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक उषा अग्रवाल एवं चंद्र प्रकाश अग्रवाल रहे।

अध्यक्ष रेणू अग्रवाल, सचिव नमिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष रचना गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में इशांक अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, उषा,चंद्र प्रकाश अग्रवाल, आशु, लता गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान 10 चार्टर सदस्यों का सम्मान किया गया जिसमें वरिष्ठ सदस्य एके गुप्ता, रजनी गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, सुशील मोदी, दीपक गुप्ता, विनोद गौतम, विशंभर सहाय, सुरेश शेड़वाल, सचिन शर्मा एवं सुरेश भंडारी का क्लब की ओर से विशेष सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का मूल उद्देश्य नई पीढ़ी में अतिथियों व बड़ो के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना था। अतिथि घर पर आए तो उन्हें समय देना एवं उनकी बातों पर आदरपूर्वक जवाब देने की एक नई परंपरा की शुरूआत करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति के अनुसार चली आ रही अतिथि देवो भव: की परंपरा को वर्तमान समय में प्रतिपादित करने का एक उद्देश्य था ताकि नई पीढ़ी भी बुजुर्गों का सम्मान करें, घर पर आए हुए अतिथि का सम्मान करें, उसके आने के बाद किस तरह से व्यवहार में परिवर्तन हो, उन्हें सुखद अनुभूति का एहसास हो और अतिथि खुश होकर के आशीर्वाद देकर रवाना हो।

10775 घरों का सर्वे किया

कोटा (निसं)। डेंगू, मलेरिया, चिगनुनिया आदि मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम व नियंत्रण के लिए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की 716 टीमों ने जिले में 10775 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा और जागरूकता गतिधियां की। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि सर्वे टीमों ने घरों के 19257 कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमे से लार्वा मिले 122 कंटेनरों को उपचारित किया।

मौसमी बीमारियों को लेकर घर-घर सर्वे कार्य हो रहा : डॉ. सामर

बून्दी (निसं)। डेंगू के केस निकलने के बाद चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में घर घर सर्वे का कार्य करवाया गया और संभावित के 4281 स्थानों पर डेंगू से बचाव के लिए टेमिफास तथा 2901 स्थानों पर एमएलओ का छिडकाव करवाया गया। वहीं डेंगू, मलेरिया, जीका, चिकनगुनिया के प्रभाव को रोकने के लिए चिकित्सा विभाग के कार्मिक घर-घर जाकर सर्वे के साथ आमजन से साफ-सफाई की अपील भी कर रहे हैं। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर ने शहरी क्षेत्र में घर घर सर्वे का कार्य विभाग की टीम, आशा, एएन एम, नर्सिंग विधार्थियो के द्वारा करवाया जा रहा हैं।

डॉ सामर ने बताया की डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा और उनकी टीम ने शहरी क्षेत्र में 7764 घरो का सर्वे किया, जिसमे 55 घरो में लार्वा एक्टिविटी पाई गई। टीम द्वारा सर्वे करवाएं गए घरो के 8345 कूलरों में भरे पानी की जाँच कर उन्हें खाली करवाया गया। एंटीलार्वा एक्टिविटी के तहत 7881 पानी की टंकियों की जाँच करवाई गई, जिसमे 54 टंकियों में लार्वा मिलने पर उन्हें तुरंत खाली कराया। चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा 3485 परिंडे, 4191 गमले, टायर, और अन्य कबाड़ के 3423 पात्र खाली करवाए। सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि एंटीलार्वा एक्टिविटी के तहत शहर के 4281 स्थानों पर डेंगू से बचाव के लिए टेमिफास तथा 2901 स्थानों पर एमएलओ छिड़काव करवाया गया।

डेंगू के केस निकलने के बाद चिकित्सा विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में घर-घर सर्वे का कार्य करवाया गया।

सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने अपील करते हुए कहा की हमें अपने-अपने घरों में रूका हुआ पानी नष्ट कर सूखा दिवस मनाना चाहिए। हमारे घरों में रुके हुए साफ पानी में मच्छरों का लार्वा पनपता है। यह लार्वा मच्छर बनकर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका सहित अनेक बीमारियां फैलाता है। हमें अपने घर से ही इस लार्वा को खत्म करना होगा। यह मच्छरजनित बीमारियों सबसे पहले हमारे घरों से ही पैदा होती है। उन्होंने कहा कि हमें हर रविवार को आधे घण्टे के लिए अपने घरों में जमा पानी को नष्ट करना है।

सार-समाचार

अच्छे आचरण वाले व्यक्ति से ही संगति रखनी चाहिए : मुनि आदित्य सागर

बूंदी (निसं)। चौगान जैन नोहरा में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आदित्य सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने आचरण में पवित्रता बनाई रखनी चाहिए। आचरण में पवित्रता के भाव रखने वाले व्यक्ति को समाज में सम्मान मिलता है तथा जीवन में शांति के साथ साथ धर्म की राह पर आगे बढते हैं। उदाहरण देते हुए मुनिश्री ने कहा कि सीताजी ने अपने जीवन में पवित्रता को नष्ट नहीं होने दिया तो आज उन्हें माता सीता के रूप में पूजा जा रहा है। उन्होंने अपने प्रवचनों में कहा कि जिनवाणी का स्वाध्याय करने से मनुष्य के अच्छे आचरण तथा साधु व मुनियों द्वारा दिये गये उपदेशों से ही व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। मनुष्य को अपने विचारों में दूसरों के प्रति सरलता व सुंदरता का भाव रखते हुए क्रोध कषाय के भावों से दूर रहना चाहिए। इससे पूर्व धर्म सभा में मंगलाचरण अंजना नौसंदा तथा पाद प्रक्षालन राजेन्द्र कुमार, नीरज कुमार कासलीवाल परिवार ने किया। शास्त्र भेंट अतिशय ग्रुप, दीप प्रज्वलन कैलाश पाटनी, जिनवाणी स्तुति सुरेश सोनी ने की। धर्मसभा में खण्डेलवाल सरावगी समाज अध्यक्ष रविन्द्र काला, सुरेन्द्र छाबडा, सकल जैन समाज के मंत्री महावीर जैन धनोप्या, महेन्द्र हरसौरा, बीना नौसंदा, ऋऋलभ नौसंदा सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

कार में युवक का शव मिला

छबड़ा (निसं)। गुगोर पंचायत के महेशपुरा गांव के निकट सोमवार शाम को कार में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची छबड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआई राजेश खटाणा के अनुसार केलखेड़ी निवासी सुरेश मीणा ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि उसका ससुर तीरथसिंह मीणा (48) पिछले 10 वर्षा से ऑफिसर नगर में बने मकान में निवासी कर रहा था। सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे वह अपनी कार लेकर निकला था। दोपहर बाद मोबाईल नही उठाने पर मैंने पुलिस थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। शाम को तलाश करते समय वह महेशपुरा वीर महाराज के पास कार में लेटे मिले। जांच करने पर मृत पाए गए। मैरे ससुर को हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। मृतक के कही भी चोट का निशान नही पाया गया। दामाद ने ससुर की मृत्यु को लेकर किसी पर भी संदेह नही जताया हैं। पुलिस ने मंगलवार सुबह मृतक का पीएम करवाकर शव परिजनो को सौंप दिया।

कारागार का निरीक्षण किया

बून्दी (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला कारागार व उपकारागृह नैनवा का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी. विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही एक-एक विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपकारापाल जिला कारागार रविन्द्र कुमार मीणा, कार्यवाहक उपकारापाल नैनवां मुकेश कुमार खटीक, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेन्द्र कुमार शर्मा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कुमारिल भट्ट, पैनल अधिवक्ता नैनवां राजेन्द्र नागर व पैरा लीगल वॉलियंटर उपस्थित रहे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाएं

झालावाड़ (निसं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में सभी पात्र लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन समयबद्ध रूप से कराया जाना आवश्यक है, इसके लिए जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड द्वारा एक आदेश जारी कर समस्त उपखण्ड अधिकारियों, समस्त तहसीलदार, विकास अधिकारियों, आयुक्त नगर परिषद् एवं नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों का 31 मई तक शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर से एंड्रॉइड मोबाइल पर डाउनलोड करवाकर भौतिक सत्यापन करवाया जा सकता है। पेंशनर्स के फिंगर प्रिन्ट नहीं आने की स्थिति में पेंशन स्वीकृत अधिकारी द्वारा पेंशनर का आधार व जनाधार कार्ड अपलोड कर भौतिक सत्यापन करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सत्यापन के अभाव में पेंशनर्स के भुगतान को रोका जा सकता है।

नृसिंह लीला का मंचन 21 को

बूंदी (निसं)। नृसिंह जयंती के अवसर पर 21 मई को तिलक चौक स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर नृसिंह लीला का मंचन होगा। श्री चारभुजा विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 21 मई को तिलक चौक स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर नृसिंह लीला का मंचन होगा तथा हिरण्यकश्यप वध करके प्रहलाद भक्तों को आशीर्वाद देंगे। समिति महामंत्री अजय नुवाल, उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद विजय शंकर टेलर ने बताया की श्री चारभुजा नाथ की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोचार के साथ पंचामृत से स्नान कराकर नए वस्त्र धारण कर श्रृंगार किया जाएगा। समिति के संरक्षक गणेश दत्त व्यास ने बताया की शाम 6 बजे पुजारी पंडित पूर्ण चतुर्वेदी एवं पंडित सीताराम शर्मा द्वारा नृसिंह लीला कर रहे पात्र को भगवान के स्वरूप के वस्त्र धारण करवा कर उनकी पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर लीला मंचन के लिए रवाना करेंगे।

सुमित्रा विजयवर्गीय का नेत्रदान संपन्न

बून्दी (निसं)। व्यापार महासंघ के प्रवक्ता एवं समाजसेवी माधव प्रसाद विजय की पत्नी सुमित्रा विजयवर्गीय का उपचार के दौरान कोटा के निजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार सुबह सुमित्रा विजयवर्गीय के निधन के बाद परिजनों की सहमति से उनका नैत्रदान सम्पन्न करवाया गया। गौरतलब हैं कि माधव प्रसाद विजय, विजयवर्गीय समाज के पूर्व अध्यक्ष, पुरानी धान मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं और हमेशा से सामाजिक कार्य में अग्रणी रहे हैं। इनकी पत्नी सुमित्रा विजयवर्गीय धर्म, कर्म और सामिजक सेवा कार्यो में संलग्न रहती थी। सुमित्रा निधन के निधन के बाद नैत्रदान करवाएं जाने की इच्दा जताने के बाद ज्योति मित्र इदरिश बेहरा ने को अवगत करवाया। जिन्होंने बून्दी पहुंच कर परिवार के सभी सदस्यों के बीच में पार्थिव शव से नेत्र संकलित किये। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान सुमित्रा की पाँचों बेटियां उर्वशी, दिव्या, अंतिमा, अदिति व मोनिका, रोहित, अर्पित शिवम, नितेश, भतीजे रोहित, राहुल, प्रतीक सहितम अन्य परिजन मौजूद रहे।

यूथ एवं इको क्लब ने परिंडे बांधे

छबड़ा (निसं)। उच्च प्राथमिक विद्यालय कैशोली में यूथ एवं इको क्लब के तहत विद्यालय में भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिण्डे बांधे गए। ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर व स्काउट प्रभारी अशोक सेन ने बताया कि यहां विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामचरण बैरवा व समिति के सदस्य बंटू बैरवा, शम्भूदयाल, मुकेश कुमार, ममता बाई, शंकर लाल चौधरी व आशाराम चौधरी आदि उपस्थित रहे। गर्मी की छुट्टियों में स्काउट्स प्रभारी के सहयोग से कुलदीप, संदीप, सावन को परिंडे में प्रतिदिन पानी भरने व पक्षियों को चुग्गा डालने की जिम्मेदारी दी गई।